हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 15 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 15. 0 डिग्री

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

4 खेतों में पैरा को आग के हवाले कर रहे किसान, कार्रवाई का डर नहीं



## खबर संक्षेप

### मौहाडीह संगम तट पर मकर स्नान व रामकथा आज

**बिर्रा।** मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को मकर स्नान एवं एक दिवसीय रामकथा का आयोजन किया गया है। वहीं शाम 5 बजे हसदेव-महानदी संगम स्थल सिद्ध बाबा मंदिर मौहाडीह (सिलादेही-बिर्रा) में भव्य चित्रोत्पला नदी की महाआरती होगा। मुख्य अतिथि जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बालेश्वर साहू होंगे। इस संबंध में पूर्व उपसरपंच राजकुमार पटेल ने बताया कि सूर्य उत्तरायण का महापर्व मकर संक्रांति महोत्सव के अवसर पर हसदेव महानदी संगम स्थल पर स्थित ग्राम के सिद्ध देवता सिद्धबाबा मंदिर में सुबह 9 बजे रामायण गायन कथा की शुरुआत होगी। दोपहर भोजन भंडारा और शाम 5 बजे महाआरती होगी। आयोजन को लेकर समस्त ग्रामवासी और आयोजन महिला समिति, जागरूक मंच मौहाडीह सिलादेही जुटे हुए हैं।

### स्वस्थ बालिका स्पर्धा एवं कन्या जन्मोत्सव का किया गया आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा "बेटी बचाओ बेटी पढाओ" योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वस्थ बालिका स्पर्धा एवं कन्या जन्मोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। स्वस्थ बालिका स्पर्धा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत करते हुए सुपोषण टोकरी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि अब तक 651 बालिकाओं को पुरस्कृत किया जा चुका है एवं कन्या जन्मोत्सव के अंतर्गत 200 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया जा चुका है। बालिकाओं के जन्म एवं स्वास्थ्य के प्रति परिवार एवं समाज को जागरूक करना बेटियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सशक्त बनाना ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके क्योंकि बेटियां ही समाज का आधार है। प्रतियोगिता एवं जन्मोत्सव के माध्यम से बेटी जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित की जा रही है। जिससे बेटियों के प्रति समाज के विचारधारा में परिवर्तन आयेगा। बेटियों को आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी, बेटियां अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य प्राप्त कर सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी, बेटियां अपने विधिक अधिकारों को प्रति जागरूक होकर सम्मानपूर्वक जीवन यापन करेगी एवं समाज के प्रगति में अपना अमूल्य योगदान देगी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी (छग के निवासी) जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट http://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि अनुसार छग राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु 15 जनवरी तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 25 जनवरी तक एवं सेक्शन स्वीकृति लॉक करने 10 फरवरी तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात जिला सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृति नहीं किए जाएंगे।

बीटीआई चौक से लेकर नहरिया बाबा मंदिर मार्ग का मामला

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, 51 को नोटिस, कार्रवाई का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के बीटीआई चौक से लेकर नहरिया बाबा जाने वाले मार्ग के करीब 1 किलोमीटर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण मामले को लेकर 51 लोगो को नोटिस जारी किया गया है। सात साल पहले नोटिस जारी होने के बावजूद आज पर्यन्त इस पर कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है, जिसके चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है।

गौरतलब है कि जांजगीर शहर के नहरिया बाबा मंदिर से लेकर बीटीआई चौक तक नहर किनारे करीब 1 किलोमीटर की जमीन जल संसाधन विभाग के अंतर्गत है। करीब 7 साल पहले तत्कालिन एसडीएम, सीएमओ एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही शुरु की गई थी। इस दौरान कुछ अतिक्रमण भी हटाए गए। इसके बाद यह कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है। इधर इस मामले को लेकर जलसंसाधन, पालिका एवं राजस्व अमले के द्वारा नहर किनारे के सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले 51 लोगों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन कार्यवाही अब तक आगे नहीं बढ पा रही है, जिसके चलते अतिक्रमण करने वाले लोगों के हौसले भी लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। जलसंसाधन विभाग के अफसरों के द्वारा करीब 2 साल पहले सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर जलसंसाधन विभाग के जमीन का नापजोख किया गया था, लेकिन यह कार्यवाही अब आगे नहीं बढ़ पा रही है। देखा जाए तो जलसंसाधन विभाग का काम महज नापजोख करने तक का सिमट कर रह गया है।



नहरिया बाबा मार्ग में घरों के सामने किया गया अतिक्रमण।

### नहर के दूसरी ओर भी बेजाकब्जा

बीटीआई चौक से नहरिया बाबा मार्ग पर नहर किनारे हुए अतिक्रमण पर कार्रवाई करने सिंचाई विभाग ने पूर्व में नोटिस जारी की थी। नहर के दूसरी ओर बीटीआई चौक से आईबी रेस्ट हाउस की ओर भी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। विभाग द्वारा इस मार्ग पर अब तक न तो नापजोख की गई है और ना ही किसी प्रकार का नोटिस जारी किया गया है। वहीं नहरिया बाबा मार्ग में भी नहर के दूसरे साइड पर किसी तरह की नापजोख नहीं की गई है।

### अवैध प्लाटिंग का धंधा भी जोरो पर

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत मुनुंद, खोखसा, खोखरा, बनारी, सरखो, दर्राभाठा, पेन्ड्री समेत अन्य ग्राम पंचायत जिनकी सीमा जांजगीर शहर से लगी हुई है। ऐसे जगहों पर जमीन के अवैध करोबार से जुडे लोगों के द्वारा निजी जमीन को कृषि करने के नाम पर खरीद तो लिया जाता है, लेकिन इन जमीनों का उपयोग कृषि के बजाय व्यवसायिक उदेश्य के लिए किया जाता है। इन जमीनों को खरीदकर इन्हे अवैध तरीके से प्लाट बनाकर छोटे छोटे टुकड़ों में बेच देते है। इस पर कार्यवाही नही होने से जमीन से जुड़े अवैध प्लाटिंग करने वाले भु माफियाओ के हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है।

### फाइल का करेंगे अवलोकन

नहर किनारे के सरकारी जमीन जलसंसाधन विभाग की है। इस पर अतिक्रमण करने वालों को लेकर फाइल का अवलोकन किया जाएगा। तत्पश्चात आगे की कार्यवाही होगी।

-अर्जुन कुर्रे,
कार्यपालन अभियंता
जलसंसाधन विभाग

# सड़क हादसे में युवक की मौत ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

## जैजैपुर थाना क्षेत्र के सेंदरी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के जैजैपुर थाना क्षेत्र के सेंदरी गांव में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना को अंजाम देकर अज्ञात ट्रेक्टर समेत चालक फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। मुआवजा राशि मिलने पर ढाई घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

दरअसल रविवार 14 जनवरी की दोपहर बसंतपुर निवासी 20 वर्षीय शंकर मांझी अपने दोस्त किकिरदा निवासी 21 वर्षीय देवेंद्र चंद्रा के साथ बाइक पर किसी काम से निकला था। दोपहर करीब 2 बजे वे जैजैपुर थाना क्षेत्र के संेदरी गांव पहुंचे थे। इसी दौरान अज्ञात ट्रेक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।हादसे में बाइक सवार शंकर मांझी की मौके पर ही मौत हो गई है। वही दुसरा युवक देवेंद्र चंद्रा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को अंजाम देकर ट्रेक्टर का चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। इधर घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। कुछ देर बाद मृतक और घायल युवक के परिजन मौके पर पहुंच गए।आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर घटना स्थल पर चक्काजाम कर दिया। । घटना की सूचना पर मौके पर जैजैपुर टीआई पहुंचे और लोगो को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित ग्रामीण कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। घिवरा-जैजैपुर मार्ग में हुए चक्काजाम को हटाने मालखरौदा टीआई समेत कई थानें के टीआई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। परिजन एवं ग्रामीणों को समझाईश दी गई। इसके बाद तहसीलदार द्वारा 25 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई तब जाकर ढाई घंटे बाद शाम साढ़े चार बजे चक्काजाम समाप्त हुआ। घायल युवक देवेंद्र चंद्रा को गंभीर चोट आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने अपराध कायम किया है और मामले की जांच में जुट गई है।



सड़क पर चक्काजाम करते ग्रामीण एवं समझाइश देती पुलिस।

# यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 167 वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मोटरयान अधिनियम के तहत यातायात पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 167 वाहन चालकों पर करीब 51 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही साथ शराब पीकर वाहन नही चलाने की नसीहत भी दी गई।

ज्ञात हो कि यातायात पुलिस के द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही करते 167 वाहन चालकों से 50 हजार 7 सौ रूपए का जुर्माना वसूल किया गया है। साथ ही साथ यातायात नियमों के तहत वाहन परिचालन की नसीहते भी दी गई है। शनिवार 13 जनवरी को विभिन्न धाराओ के तहत कार्यवाही की गई। इनमें बिना नंबर प्लेट के वाहन परिचालन, गाडी में तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, मौके पर वाहन का दस्तावेज प्रस्तुत ना कर पाना, वाहन का हेड लाइट आधा काला नही होना समेत अन्य कारणो के चलते वाहन चालको पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूल किया गया है। यातायात पुलिस के द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### खास बात

- शराब पीकर गाड़ी नही चलाने दी गई समझाईश



जांच करती यातायात पुलिस।

इसके बाद भी कई लोग नियमों को ताकपर रखकर वाहन का परिचालन करना नही छोड़ रहे है। वहीं पुलिस के द्वारा यातायात नियमों के तहत वाहन का परिचालन करने की सीख देने के साथ शराब पीकर वाहन नही चलाने आदेशित किया जा रहा है। प्रकरणों पर नजर डाली जाए तो जांजगीर में 1 प्रकरण में 300 सौ रूपए, नैला चौकी में 4 प्रकरणों पर 1 हजार 2 सौ, बलौदा थाने में 18 प्रकरण के तहत 5 हजार 6 सौ, अकलतरा में 5 प्रकरण में 1 हजार 5 सौ, पामगढ में 12 प्रकरण के तहत 3 हजार 6 सौ, चाम्पा थाने में 5 प्रकरण के तहत 1 हजार 7 सौ, बम्हनीडीह में 6 प्रकरण के तहत 1 हजार 8 सौ, सारागांव में 2 प्रकरण के तहत 6 सौ, बिर्रा में 24 प्रकरण के तहत 7 हजार 2 सौ एवं यातायात विभाग के द्वारा 90 प्रकरणो में 27 हजार हजार 2 सौ रूपए का जुर्माना वसूल किया गया है।

# घर घुसकर महिला से छेड़छाड़, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**जांजगीर-चाम्पा।** घर अंदर घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला अकलतरा के मनका दाई मंदिर के पास की है। इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 11 जनवरी को पीड़िता शाम के समय अपने छोटे बच्चे के साथ अकेली अपने घर में सो रही थी। इसी दौरान गगन कुंभकार ने प्रार्थिया के घर अंदर घुसकर बेईजज्त करने के उद्देश्य से महिला से छेड़छाड़ करने लगा। इस दौरान महिला के चिल्लाने पर आरोपी भाग खड़ा हुआ। प्रार्थिया की रिर्पोट पर आरोपी गगन कुंभकार के खिलाफ भादवि की धारा 454, 354, 354, क , 354 ख कायम किया गया। इस बीच मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# महज 10 दिन में करनी होगी 14 लाख क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान की खरीदी में अब महज 10 दिन का समय ही बाकी रह गया है। अभी लक्ष्य के अनुसार 14 लाख क्विंटल की धान खरीदी के साथ ही करीब 37 हजार किसान धान बेचने उपार्जन केन्द्रों तक नही पहुंच पाए है, जिसके चलते आने वाले दिनों में धान बेचने किसानो की भीड़ केन्द्रों में देखी जा सकती है।

- केन्द्रों तक नहीं पहुंच पाए 37 हजार किसान

गौरतलब है कि जिले के 129 धान उपार्जन केन्द्र एवं 101 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 1 नवम्बर से शुरू हो गई है। खासबात यह है कि धान की खरीदी को महज अब 10 दिन का समय बाकी रह गया है। अब आगे मकर संक्राति और छेरछेरा के दिन धान खरीदी प्रभावित होगी। इसके अलावा दो-दो शनिवार और रविवार पड़ेंगे, वहीं 26 जनवरी को भी अवकाश रहेगा। जांजगीर-चांपा जिले के लिए जो टारगेट बनाया गया है। उसके मुताबिक करीब 55 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जानी है, जिसमें से करीब 41 लाख 99 हजार क्विंटल से अधिक की धान खरीदी की जा चुकी है। वहीं करीब 14 लाख से अधिक क्विंटल धान की खरीदी किया जाना बाकि है। इसी प्रकार कुल पंजीकृत किसानों की संख्या करीब 1 लाख 22 हजार 826 है। इनमें से 85 हजार 389 किसान समर्थन मूल्य पर धान बेच चुके है। वहीं अभी 37 हजार किसानो से 14 लाख क्विंटल की धान खरीदी किया जाना अभी बाकी है। हांलाकि धान उपार्जन केन्द्रों में अब धान खरीदी की समय सीमा कम होते देख उपार्जन केन्द्रों में आवक लिमिट को बढ़ा दिया गया है, लेकिन इसके बाद भी 31 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर टारगेट के अनुसार धान की खरीदी कर लेना किसी चुनौती से कम नही है। इसके लिए अलावा जांजगीर जिले के जिला सेवा सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानो को धान बेचने के एवज में 7 करोड़ 76 लाख रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक खातो में जमा कर दिया गया है।



खरीदी केन्द्र में लगा धान का अंबार।

### कर रहे धान खरीदी

जिले में 85 हजार 389 पंजीकृत किसानों से 41 लाख 99 हजार से अधिक क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। 37 हजार किसान अभी धान बेचने नहीं पहुंच पाए है। कम समय को देखते धान खरीदी की लिमिट बढ़ा दी गई है।

-गजेन्द्र सिंह राठौर,
जिला विपणन अधिकारी
जांजगीर-चांपा

# शहर की विरासत पुत्री मइया अस्पताल भवन का हो रहा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

शहर के हृदय स्थल पर स्थित प्राचीन विरासत पुत्री मइया अस्पताल भवन जो कि आजादी के पूर्व 1938 में निर्मित किया गया था। लगभग 86 साल पहले निर्मित इस भवन में वर्षों से सक्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा था। इस भवन में कई प्रसिद्ध चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी हैं। साथ ही इस इमारत से सक्ती वासियों की यादें जुड़ी हुई हैं उक्त भवन में समय के साथ साथ जर्जरता की स्थिति उत्पन्न हो रही थी जिस कारण इस भवन में विगत 2 वर्ष से अस्पताल संचालन नही किया जा रहा था। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के प्रयासों से अब इस भवन में जीर्णोधार का कार्य चल रहा है जो अपने अंतिम चरण में है। जल्द ही इस विरासत भवन अपनी आकर्षण से आम जनों को लुभाने लगेगा और इस भवन में अस्पताल का संचालन प्रारंभ किया जाएगा।



## घरों में आ रही तिल गुड़ की सोंधी महक, बनाए जा रहे लड्डू

# स्नान व दान का पर्व मकर संक्रांति आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दान का महापर्व मकर संक्रांति सोमवार 15 जनवरी को श्रद्धाभक्ति पूर्ण मनाया जाएगा। पर्व के दौरान नदी में स्नान व दान करने से शुभ होता है। पर्व की तैयारी को लेकर घरों में तिल के लड्डू बनाए जा रहे है। इसके लिए प्रत्येक घरों में तिल की खरीदी कर ली गई है। वहीं कई परिवार मकर स्नान के लिए गंगासागर व अन्य तीर्थ जाकर स्नान करेंगे।

सूर्य देवता की आराधना का पर्व मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाया जाएगा। संक्रांति के पुण्यकाल के दौरान पूजा-पाठ व दान का विशेष महत्व है। इस दिन तिल से बने लड्डू सूर्य भगवान में अर्पण किए जाते है। संक्रांति के पुण्य काल के दौरान स्नान, पूजा पाठ व दान का विशेष महत्व है। कई परिवार विशेष स्नान व पूजा-पाठ के लिए गंगासागर व अन्य तीर्थ स्थल जाते है। इस दिन यह मानना है कि तिल से बना हुआ लेप लगाकर स्नान के बाद सूर्य दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना करते है। इसके पश्चात ही तिल लड्डू का प्रसाद घर के लोग व रिश्तेदारों में बांटे जाने का परंपरा है। पं. उमाशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि 15 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर पुण्यकाल से सूर्यास्त पूर्व तक होगा। वहीं काला तिल, काला कंबल, काला वस्त्र, स्वर्ण व सामर्थ अनुसार दान करना भी शुभ होता है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के इस राशि परिवर्तन को ही संक्रांति कहा जाता है। सूर्य के राशि परिवर्तन से कई राशियों पर प्रभाव पड़ता है। मकर संक्रांति के दिन से ही सूर्य की उत्तरायण गति प्रारंभ होती है।



### तिल-गुड़ के बढ़े दाम

इस बार तिल लड्डू खाना लोगों को महंगा पड़ेगा। तिल, गुड़ व मुंगफली के दामों में वृद्धि हुई है। तिल बाजार में इस बार खुला 160 रुपए किलो बिक रहा है, वहीं पैकेट वाला तिल 220 रुपए किलो में बिक रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 40 से 60 रुपए की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष जहां तिल का दाम 100 से 120 रुपए था वहीं इस बार बढ़कर 160 से 210 रुपए में बिक रहा है। वहीं फली दाना 120 रुपए से लेकर 140 रुपए, इसी तरह गुड़ 40 रुपए किलो से बढ़कर 55 रुपए किलो बिक रहा है।

# पुलिस विभाग अलर्ट मोड पर, नदी और डैम के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मकर संक्राति पर्व को लेकर पुलिस प्रसाशन अलर्ट मोड पर है। नदी डैम, नाला एवं झरनों के आसपास सुरक्षा को लेकर कडे इंतजाम किए गए है। इसे लेकर जांजगीर जिले के पुलिस कप्तान के द्वारा संबंधित स्थलों पर सुरक्षा को लेकर आरक्षकों को मुस्तैद रहने कहा गया है।

गौरतलब है कि सोमवार 15 जनवरी को मकर संक्राति का पर्व मनाया जाएगा। इस बीच पर्व मनाने को लेकर लोगो में उत्साह बना हुआ है। पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने पुलिस ने तैयारी कर ली है। इस दौरान नदी, नाले, झरने एवं डैम के आसपास पुलिस प्रशासन की टीम मुस्तैद रहेगी। कई बार ऐसा होता है कि मकर संक्राति पर्व के दौरान कई लोग डैम, नदी एंव झरनो के आसपास पहुंच जाते है। वहीं उन्हें तैरना भी नहीं आता, इस चक्कर में जान तक चली जात है। इस तरह का हादसा चाम्पा स्थित कुदरी बैराज में हो चुका है। इसी प्रकार बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देवरी पिकनीक स्पाट के लिए मशहुर है। कुछ लोग इस दिन यहां पिकनिक सपरिवार पहुंचते है। इसे देखते हुए जिले के पुलिस कप्तान ने पिकनीक स्पाट क्षेत्रों का निरीक्षण कर पुलिस कर्मचारियो को डयुटी के दौरान पूरी तरह मुस्तैद रहने कहा है।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को दी गई मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी

**कोरबा।** श्रीमती ज्योति अग्रवाल अतिरिक्त जिला न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट के नेतृत्व में बीकन हायर सेकेन्ड्री विद्यालय एसईसी एल कोरबा के बच्चों को मोटर व्हीकल एक्ल एक्ट तथा पास्को साइबर ला विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा बच्चों को इससे होने वाले अपराध तथा दण्ड विधान भी बताया गया। मंच संचालन श्रीमती कल्पना मिश्रा के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एमबी गाडलिब के द्वारा बच्चों को बिना लाइसेंस न चलाने को निर्देशित कहा गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षकाए सुश्री सी अधिकारी, जीएस पटेल, वायए नाथन, पी बारिक, देवेंद्र पाण्डेय सुदेश सिंह, शान्तनु, सत्यप्रकाश उपस्थित थे। कार्यक्रम को गति देने के लिए अहमद तथा केसी पाटील की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर कक्षा नवमी के छात्र कनकेश्वर पटेल को न्यायाधीश महोदय के द्वारा सम्मानित भी किया गया।

### राजस्व संबंधी प्रकरण हो रहे पेंडिंग

**कोरबा।** भिलाईबाजार उपतहसील कार्यालय में तहसीलदार के कार्यालयीन दिवस को बढ़ाने की मांग की गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत गंगदेई सरपंच, सरपंच संघ कटघोरा अध्यक्ष, वार्ड पंच व समाज सेवी प्रदीप जायसवाल ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत में लोगों की बहुप्रतिक्षित मांग उप तहसील कार्यालय पूरी हुई थी। जिसका उद्घाटन 4 अक्टूबर 2023 को हुआ था। वर्तमान समय में तहसीलदार केवल सप्ताह में एक दिन बुधवार को ही कार्यालय में अपनी सेवाएं देते हैं। क्षेत्र एसईसीएल अधिग्रहित एरिया के अंतर्गत आता है। इस वजह से ग्राम पंचायत में किसी न किसी रूप से राजस्व संबंधी प्रकरण की अधिकता है। सीमांकन, बंटाकन, फौती प्रकरण के साथ-साथ जाति, आमदनी, निवास प्रमाण पत्र के प्रकरणों की संख्या भी काफी अधिक है।

### चलने लगी शीत लहर, बढ़ी ठंडक, पारे में 4 डिग्री गिरावट

**कोरबा।** जिले में कुछ दिनों से बदली छाई रही। शनिवार को मौसम साफ होने और ठंडी हवा चलने की वजह से न्यनूतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। हवा चलने की वजह से एक दिन में न्यनूतम तापमान चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। ठंड से राहत पाने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। शनिवार को ठंडी हवाएं भी चली। ठंडी हवा ने लोगों परेशान को किया। ठंड से बचने के लिए लोग दिन में भी गरम कपड़े का सहारा लिया। मौसम विभाग ने देर रात न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री दर्ज किया। दिन में धूप की वजह से अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री दर्ज किया गया।

### मारपीट व लूट के फरार आरोपी की तलाश जारी

**कोरबा।** पॉममाल में दो युवकों ने मारपीट के बाद लूट की घटना को अंजाम दे दिया। मामला पुलिस में पहुंचते ही आरोपी फरार हो गए। वे एक साल तक लगातार पुलिस को चकमा देते आ रहे थे। आखिरकार पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे वैधानिक कार्रवाई उपरांत कोर्ट में पेश किया गया। सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत डीडीएम रोड निवासी सुदामा कलवानी 25 वर्ष निवास करता है। वह अपने साथी साकेत सिंह के साथ 24 दिसंबर 2022 की रात पॉम माल स्थित ओएनसी आया हुआ था। जहां देर रात किसी बात को लेकर पॉम माल में उनका विवाद हो गया। उनके खिलाफ जयंत दत्ता ने मारपीट व दो हजार रूपए लूट की शिकायत पुलिस में दर्ज करा दी। मामले में जुर्म दर्ज होने की खबर मिलते ही आरोपी फरार हो गए। पुलिस लगातार खोजबीन करती रही, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नही मिला। पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने फरार आरोपियों के धरपकड़ का निर्देश जारी किया है। उनके निर्देश एएसपी अभिषेक वर्मा व सीएसपी भूषण एक्का के मार्गदर्शन तथा सिविल लाइन थाना प्रभारी किरण गुप्ता के पर्यवेक्षण में चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने फरार आरोपियों की पतासाजी शुरू की।

# अवैध धान बिक्री के मामले में कोरबा छत्तीसगढ़ में पहले पायदान पर

## अब तक 47 मामले धान के अवैध बिक्री के मामले हुए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

अलग खबर

एक तरफ धान खरीदी चल रही है, वहीं दूसरी तरफ धान की अवैध विक्री के मामले भी पकड़ में आ रहे हैं। पूरे प्रदेश में कोरबा जिला ऐसा है जहां अवैध धान बिक्री के सर्वाधिक 47 मामले दर्ज किये गए हैं। राज्य शासन द्वारा धान की अवैध बिक्री के मामले के संबंध में मांगी जानकारी पर यह मामला सामने आया है।

धान खरीदी के मामले में कोरबा जिला फर्जीवाड़ा किये जाने के प्रकरण में पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर आया है। धान खरीदी की इस सीजन में 47 मामले पकड़ में आए हैं। अमिताभ जैन, मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस संबंध में जिला प्रशासन से जानकारी मांगी गई कि इस पर कलेक्टर द्वारा जो जानकारी प्रेषित की गई उससे इस मामले का खुलासा हुआ है कि धान के अवैध बिक्री के मामले पूरे छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले में सबसे ज्यादा सामने आए हैं। जिले में 65 धान उपार्जन केन्द्रों के द्वारा खरीदी की जा रही है। जिसमें कोचिए और बिचौलियों पर निगरानी के लिए समिति भी गठित की गई है। उक्त समिति में खाद, सहकारिता विभाग के अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा संभागीय स्तरीय समिति भी बनायी गई है। जिले में धान बिक्रय हेतु कटवाए गए टोकन के भौतिक सत्यापन के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये जाने के बाद जब समिति ने भौतिक सत्यापन की जांच करवायी तो मामले सामने आने लगे। जो मामले पकड़ में आए हैं उनके अनुसार नत्थूराम के नाम से 106 क्विंटलव धान, शनीराम के नाम से 240 क्विंटल, बोधीराम के नाम से 90 क्विंटल धान भौतिक सत्यापन में नहीं पाये जाने पर टोकन निरस्त किया गया। इसी प्रकार रामलाल के नाम से 180 क्विंटल धान का भौतिक सत्यापन कराया गया जिसमें 75 क्विंटल धान ही पाया गया। इसी तरह धान उपार्जन केन्द्र चचिया के निरीक्षण के दौरान जयलाल के नाम से 80 क्विंटल धान का टोकन जारी किया गया था, जो भौतिक सत्यापन में 32 क्विंटल का निकला।

**खास बातें**

- जिला प्रशासन द्वारा शासन को भेजी गई जानकारी से आया मामला सामने



## मामला तुलसीनगर प्राथमिक शाला का, संकुल प्रभारी के खिलाफ मिली हैं शिकायतें

# संकुल प्राचार्य की स्कूल में दबिश कमरे में मिली शराब की बोतलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एक तरफ कलेक्टर स्कूलों की व्यवस्था सुधारने के लगातार निर्देश दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर स्कूली शिक्षकों के स्कूल में ही शराबखोरी करने के मामले भी कम नहीं हो रहे हैं। दूरस्थ ग्रामीण स्कूलों की तो बात दूर है। शहर में भी शराबखोरी के मामले सामने आए हैं।

**खास बात**

- पूर्व में भी निरीक्षण के दौरान स्कूल में मिली थी खामियां, प्रतिवेदन पर केवल नोटिस जारी



फाइल फोटो

तुलसीनगर प्राथमिक शाला के सामने आए मामले के बाद स्कूल के संकुल प्रभारी और एक अन्य शिक्षक के द्वारा स्कूल में ही अवकाश के बाद शराबखोरी किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थी। ऐसी ही शिकायतों पर संकुल प्राचार्य साडा कन्या के रणधीर सिंह ने जब प्राथमिक शाला तुलसीनगर में दबिश दी तो स्कूल के स्टाफ और संकुल प्रभारी का कमरा जहां संयुक्त रूप से संकुल प्रभारी व शिक्षक बैठते हैं उक्त कमरे में शराब की दो बोतलें बरामद हुई हैं। निरीक्षण में शराब की बोतलें मिलने के बाद जब मध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूहों की महिलाओं से इस संबंध में निरीक्षण अधिकारी ने जानकारी ली तो संकुल प्रभारी व अन्य शिक्षकों के द्वारा शराबखोरी किए जाने की पुष्टि हुई है। स्कूल की छुट्टी होने के बाद इस तरह की हरकतों को संकुल प्रभारी संजय चंदेल व एक अन्य शिक्षक के द्वारा अंजाम दिया जाता रहा है। निरीक्षण अधिकारी संकुल के प्राचार्य ने अपनी रिपोर्ट विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंप दी है। यह भी जानकारी आई है कि स्कूल का निरीक्षण चुनाव के दौरान ही संकुल प्राचार्य द्वारा जहां कई खामियां मिली थी, स्कूल के कमरे में कचरा डंप था। शौचालय भी खराब स्थिति में थे। निरीक्षण के दौरान यह जानकारी सामने आई कि संकुल के प्रभारी द्वारा माधवी मरकाम नामक महिला को पढ़ाने के लिए रखा गया है। संकुल प्राचार्य ने जब उक्त महिला को बुलाकर पूछताछ की तो संकुल के प्रभारी द्वारा ही रखा जाना बताया गया। पूर्व में किए गए निरीक्षण के दौरान संकुल प्राचार्य को स्कूल की डेली डायरी भी अपूर्ण मिली थी, इसका भी प्रतिवेदन विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को सौंपा गया है। एक दिन पूर्व हुए निरीक्षण के संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी को जानकारी ही नहीं है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी कन्या आश्रम के प्राचार्य के खिलाफ निलंबन और एफआईआर की कार्यवाही की गई है। पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के सिरली हाई स्कूल के प्राचार्य के द्वारा शराब पीकर स्कूल आने की शिकायत मिलने पर शिक्षा अधिकारी द्वारा उसे बीईओ कार्यालय में अटैच किया गया है। इस बीती एक माह में ही 3 मामले शिक्षकों के सामने आ चुके हैं।

**नोटिस जारी की गई**

संकुल प्राचार्य के निरीक्षण के बाद जो जांच प्रतिवेदन उन्हें दिया गया था उस पर संकुल प्रभारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। अब तक जवाब नहीं मिला है। संकुल प्रभारी का नाम स्वयं संकुल के प्राचार्य ने प्रस्तावित किया था। उन्हें अधिकार है संकुल प्रभारी को कार्यमुक्त करने का।

**-संजय अग्रवाल,** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा

**मिली शराब की बोतलें**

तुलसीनगर स्कूल के संकुल प्रभारी के खिलाफ नशे में स्कूल आने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। एक दिन पूर्व जब निरीक्षण किया गया तब स्कूल के कमरे से शराब की दो बोतलें मिली हैं। मध्यान्ह भोजन बनाने वाले लोगों से भी पूछताछ के दौरान इसकी पुष्टि हुई है। पूर्व में भी स्कूल का निरीक्षण किया गया था। जिसमें संकुल प्रभारी द्वारा पढ़ाने के लिए एक महिला को रखा गया है। जांच प्रतिवेदन बीईओ कार्यालय को प्रेषित किया जा चुका है।

**-रणधीर सिंह,** संकुल प्राचार्य, साडा कन्या स्कूल

# ट्रेलर ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, दोनों घायल



कार्रवाई करती पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रिसदी मुख्य मार्ग पर राखड़ से भरी तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दंपती को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में पति-पत्नी समेत एक बच्ची घायल हो गई। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यवाही में जुट गई।

**खास बात**

- सिविल लाईन थाना क्षेत्र के रिस्दी चौक का मामला

शहर के रिसदी चौराहे के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी अनिता कंवर गंभीर रूप से घायल हो गई। वह अपने पति शंकर लाल कंवर और बेटी के साथ बाइक क्रमांक सीजी 12 एए 1972 में सवार होकर अपने गृह ग्राम जाने के लिए निकली हुई थी। अनिता कंवर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कॉलोनी से चौराहे तक पहुंची ही थी कि बालको की तरफ से आ रहे राखड़ लोड ट्रेलर हाइवा क्रमांक सीजी 12 बीएच 8313 ने अपनी चपेट में ले लिया।

**महिला जज ने पहुंचाया अस्पताल**

रिस्दी में घटित सड़क हादसे के दौरान एक महिला जज अपने परिवार के साथ रास्ते से गुजर रही थी। इसी दौरान महिला जज की नजर उनकी नजर सड़क किनारे घायलों पर पड़ी जिसके बाद महिला जज ने वाहन रोककर सड़क किनारे खून से लथपथ अनिता व शंकर सहित उसके बच्चे को अस्पताल पहुंचाया।

# नियम विरुद्ध राखड़ परिवहन, 12 वाहनों पर 43 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी शशिकांत कुर्रे, एसडीएम कटघोरा ऋचा सिंह द्वारा गोपालपुर-जेजंरा कटघोरा मार्ग में राखड़ परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहन चालकों को रोककर तिरपाल का प्रयोग करने, वाहन धीमे चलाने, नशा न करके वाहन चलाने की समझाइश दी गई। अवैध डंपिंग, ओवरलोड, बिना तिरपाल, बिना रिफलेक्टर, बिना फिटनेस के संचालित राखड़ वाहनों पर कार्यवाही की गई। पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले तथा राख़ड के सड़क पर उड़ने से आम जनता को होने वाली परेशानी से निजात दिलाने राखड़ परिवहन कर रहे 12 गाड़ियों से 43 हजार रुपए की जुर्माना वसूला गया है। साथ ही 3 ओवरलोड वाहनों को कटघोरा थाने में जब्त किया गया है। संयुक्त टीम की उक्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



कार्यवाही के दौरान जब्त की गई वाहन।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची जेसीबी के सामने बैठी महिला, आत्महत्या की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

निगम की तोड़ दस्ता टीम जब बुधवारी-आईटीआई मार्ग पर सड़क किनारे अतिक्रमण कर बनाए जा रहे दुकान को तोड़ने पहुंची तो उसे लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। तोड़ दस्ता की टीम जब सड़क किनारे निर्माणाधीन दुकान को तोड़ने लगी तो एक महिला जेसीबी के नीचे बैठ गई और आत्महत्या की धमकी देने लगी। जिसकी वजह से घंटों तक माहौल गरमाया रहा। आखिरकार महिला पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी के सामने बैठी महिला को हटाया गया।

शहर के वीआईपी मुख्य मार्ग बुधवारी बाजार और आसपास मुख्य सड़क के किनारे अतिक्रमण कर दुकानदारी लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं पर शनिवार को नगर निगम और पुलिस की टीम संयुक्त कार्रवाई करने पहुंची जहां उन्हें शुरू में काफी विरोध का सामना करना पड़ा। बुधवारी मुख्यमार्ग पर कार्रवाई के दौरान एक महिला ने जमकर हंगामा मचाया।



जेसीबी के सामने प्रदर्शन करती महिला।

**की गई कार्रवाई**

सब्जी विक्रेताओं के कारण स्थिती काफी गंभीर हो गई थी। सड़क पर दुकानदारी के कारण लोगों को चलने में काफी समस्याएं हो रही थी। हादसों की आशंका भी काफी बढ़ गई थी, लिहाजा यह कार्रवाई की गई है।

**-योगेश राठौर,** तोड़ दस्ता प्रभारी नगर निगम

# त्रिपक्षीय वार्ता विफल, 15 को कुसमुंडा में खदानबंद आंदोलन होना तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छग किसान सभा व रोजगार एकता संघ द्वारा लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण की मांग को लेकर खदानबंदी आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। जिसके बाद कुसमुंडा प्रबंधन ने खदानबंदी आंदोलन को टालने भूविस्थापितों की बैठक बुलाई। बैठक में चली लंबी चर्चा के बाद भी कोई सकारात्मक निर्णय नहीं निकालने पर भूविस्थापितों ने प्रबंधन के खदान बंद नहीं करने के प्रस्ताव को एक सिरे से खारिज कर दिया और बैठक छोड़कर बाहर चले गए। भूविस्थापितों ने चेतावनी दी है कि मांगों को लेकर 15 जनवरी को खदानबंदी आंदोलन किया जाएगा।

**खास बात**

- सकारात्मक निर्णय नहीं निकलने पर भूविस्थापितों ने बैठक का किया बहिष्कार

उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर 2021 को लंबित प्रकरणों पर रोजगार देने की मांग को लेकर कुसमुंडा क्षेत्र में 12 घंटे खदान जाम करने के बाद एसईसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष दस से ज्यादा गांवों के किसान 803 दिनों से अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे हैं। इस आंदोलन के समर्थन में छत्तीसगढ़ किसान सभा शुरू से ही उनके साथ खड़ी है। भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेता दामोदर श्याम, रेशम यादव, रघु यादव, सुमेन्द्र सिंह कंवर ने कहा कि भू विस्थापितों को बिना किसी शर्त के जमीन के बदले रोजगार देना होगा और वे अपने इस अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे। एसईसीएल कुसमुंडा कार्यालय के सामने बैठक कर नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में भू विस्थापित किसान एकजुट हुए भू विस्थापितों ने कहा की 15 जनवरी को कुसमुंडा खदान बंद में प्रभावित गांव के हजारों पीड़ति भूविस्थापित परिवार सहित शामिल होंगे इस बार समस्याओं के समाधान तक अनिश्चितकालीन खदान बंद आंदोलन होगा। बैठक में मोहन यादव, बृजमोहन, जय कौशिक, दीननाथ, जय कौशिक, फिरतलाल, उत्तम दास, जितेंद्र, होरीलाल, अनिल बिंझवार, हेमलाल, हरिहर पटेल, कृष्णा, फणींद्र, अनिरुद्ध, चंद्रशेखर, गणेश, सनत सहित अन्य भूविस्थापित उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित एसईसीएल के कर्मचारी एवं भूविस्थापित।

### जिले के स्काउट्स गाइड्स को राज्यपाल पुरस्कार

**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय राज्यपाल पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह का आयोजन राजभवन में किया गया। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के कर कमलों से 2022-23 शैक्षिक सत्र के राज्यपाल पुरस्कार के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्काउट लोकेश कुमार यादव (निर्मला स्कूल, कोसाबाड़ी), गाइड पूनम (शासकीय हाई स्कूल, बुंदेली), रोवर करन कोसले (राजीव गांधी ओपन रोवर क्रू, दीपका), रेंजर रीना साहू ने सयुंक्त रूप से कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्यपाल के हाथों प्रमाण पत्र प्राप्त किया।










## गुंटूर करम ने की धमाकेदार ओपनिंग किया 94 करोड़ का कलेक्शन ...



**मुंबई।** फिल्म गुंटूर करम ने पहले ही दिन धमाकेदार ओपनिंग की। महेश बाबू और श्रीलीला स्टारर इस फिल्म में मीनाक्षी चौधरी, प्रकाश राज, राम्या कृष्णन, जयराम ने अहम किरदार निभाए हैं। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने पहले ही दिन 94 करोड़ का बिजनेस किया है। रिपोर्ट के मुताबिक गुंटूर करम ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन में 41.3 करोड़ कमाए हैं।

## ओटीटी पर गूंजी टाइगर-3 की दहाड़, 14 देशों में बनी नंबर-1



**मुंबई।** सलमान की फिल्म टाइगर 3 ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड सेट कर दिया है। ओटीटी पर भी फिल्म हिट साबित हो रही है। 7 जनवरी को ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर टाइगर 3 रिलीज होने के बाद से सोशल मीडिया इसका सेंसेशन बढ़ गया है। रिलीज होने के कुछ ही दिनों के भीतर ओटीटी पर हिट हो गई है। टाइगर लोगों का मनोरंजन करने के लिए हमेशा मौजूद होगा।

## मैरी क्रिसमस को मिली धीमी शुरुआत पहले दिन कमाए मात्र 2.55 करोड़ ...



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ और साउथ के फेमस एक्टर विजय सेतुपति की 'मैरी क्रिसमस' ने 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। लेकिन फिल्म का जितना क्रेज देखा जा रहा था, कमाई उस हिसाब से कुछ कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरी क्रिसमस ने 2.55 करोड़ का कलेक्शन किया है। अब मेकर्स को वीकेंड से बहुत उम्मीदें हैं। हालांकि अब मेकर्स को शनिवार और रविवार से बहुत उम्मीदें हैं।



## अमित साध पुणे हाईवे में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिनेता अमित साध 'दुरंगा 2' में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अपनी अगली बड़ी फिल्म के लिए तैयार हैं। इस बार, वह 2024 में आने वाली पुणे हाईवे नामक एक नई फिल्म में सभी का मनोरंजन करने को तैयार हैं। अमित ने विभिन्न फिल्मों में अपने शानदार प्रदर्शन से कई लोगों का दिल जीता है, और दुरंगा 2 में उनकी भूमिका ने उनकी सफलता में और इजाफा किया है। अब, प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं कि पुणे हाईवे में उनके लिए क्या नया आने वाला है। 2024 में फिल्मों को लेकर बेहद उत्साहित है और जो लोग फिल्मों को पसंद करते हैं वे इस विशेष फिल्म के आने का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style

# राधिका

## एयरोब्रिज में फंसने पर निकाली भड़ास

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस राधिका आप्टे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो और कुछ तस्वीरे शेयर की हैं, जिसको देखने के बाद अब फैंस घबराए हुए हैं। राधिका ने एक पोस्ट शेयर की कि वह अपनी उड़ान के सह-यात्रियों के साथ एक हवाई अड्डे पर एयरोब्रिज के अंदर बंद हो गई थीं।

राधिका ने एयरोब्रिज में फंसने के बाद गुस्से में एक लंबा नोट लिखकर अपनी भड़ास निकाली है। राधिका ने लिखा, मुझे यह पोस्ट करना पड़ा! सुबह मेरी 8:30 बजे की फ्लाइट थी। अभी 10:50 हो गए हैं और फ्लाइट अभी तक बोर्ड नहीं हुई है, हमसे कहा कि हम बोर्डिंग कर रहे हैं और फिर सभी यात्रियों को एयरोब्रिज में डाल दिया और इसे बंद कर दिया! छोटे बच्चों, बुजुर्गों के साथ यात्रियों को एक घंटे से अधिक समय से बंद कर दिया गया है। सुरक्षा के दरवाजे नहीं खोले गए। कर्मचारियों को बिल्कुल भी पता नहीं है।

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि जाहिर तौर पर उनके क्रू ने अभी बोर्ड नहीं किया है। क्रू बदला गया है और वो अभी भी नए क्रू का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वो कब आएंगे तो किसी को नहीं पता कि वो कितनी देर यहां बंद रहने वाले हैं। मैं छुपकर इनकी स्टुपिड फीमेल स्टाफ से बात करने में कामयाब रही, जो कहती रही कि कोई समस्या नहीं है और कोई देर नहीं होगी। अब मैं अंदर बंद हूं और उन्होंने बस हमें ये बताया है कि हम यहां दोपहर 12 बजे तक लॉक रहने वाले हैं।



हॉलीवुड मसाला



## गाजा हादसे में हुए घायल

**लॉस एंजेलिस।** गाजा में इस्राइली सेना और हमास के बीच पिछले कई दिनों से लगातार युद्ध चल रहा है और इसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, अब हाल ही में इस वॉर में एक मशहूर एक्टर के साथ बड़ा हादसा हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वेब सीरीज 'फौदा' के एक्टर और सिंगर इदान अमेदी लड़ाई के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस खबर ने इदान के फैंस को चिंता में डाल दिया है। इदान अमेदी गाजा पट्टी के खान यूनिस में हमास आतंकवादियों के खिलाफ इस्राइली सेना के सैनिक के रूप में लड़ाई लड़ रहे थे।



## न्यूयॉर्क की सड़कों पर डॉगी संग स्पॉट हुईं एमिली

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार एमिली एक बड़ी डॉग लवर हैं। वह अपने डॉगी पर बच्चों की तरह प्यार लुटाती हैं। बीते दिन एक्ट्रेस को न्यूयॉर्क शहर के वेस्ट विलेज में डॉगी कोलंबो संग सैर करते देखा गया। एक्ट्रेस के इस अंदाज में फैंस का दिल जीत लिया और उनकी ये तस्वीरें अब इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान ब्लैक जैकेट के साथ व्हाइट ट्राउजर पहने नजर आईं। इस लुक को उन्होंने व्हाइट शूज, रेड कैप और ब्लैक चश्मे के साथ कंप्लीट किया। अपने डॉगी के पट्टे को हाथ में पकड़े और हाथों को पॉकेट में डाले वह न्यूयॉर्क की सड़कों पर सैर करती दिखीं। कैमरे के सामने एक्ट्रेस ने कई जबरदस्त पोज दिए।



## मिस्ट्री मैन का हाथ थामे हुईं स्पॉट

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अभी तक शादी नहीं रचाई है और न ही उन्होंने किसी के साथ रिलेशन में होने का खुलासा किया है। अब हाल ही में जब कंगना को मिस्ट्री मैन के साथ देखा गया तो उनके लिंकअप की खबरें सोशल मीडिया पर तूल पकड़ने लगीं। कंगना को किसी मिस्ट्री मैन के साथ हाथों में हाथ डाले स्पॉट किया गया, जिसकी तस्वीरों को लेकर कंगना खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल, बॉलीवुड क्वीन कंगना को मुंबई में एक सैलून से बाहर निकलते देखा गया। इस दौरान वह मिस्ट्री मैन का कसकर हाथ थामे नजर आईं। इतना ही नहीं, इस मौके वह खूब ब्लश करती भी दिखीं। चेहरे पर काला चश्मा लगाए स्काई ब्लू कलर की ड्रेस में वह बेहद गॉर्जियस दिखीं। जबकि, उनके साथ नजर आया ये मिस्ट्री मैन एक विदेशी था।



## तय समय में रिलीज होगी पुष्पा-2

**मुंबई।** वर्ष 2024 की बहुप्रतीक्षित और बहुप्रचारित फिल्म पुष्पा-2 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म को लेकर पिछले कुछ समय से यह कहा जा रहा था कि यह फिल्म अपने तय समय 15 अगस्त को प्रदर्शित नहीं होगी। हालांकि फिल्म निर्माताओं ने इन समाचारों को पूरी तरह से निराधार बताया है और कहा है कि फिल्म अपने तय समय पर ही प्रदर्शित होगी। फिल्म की शूटिंग फुल स्पीड से चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, डायरेक्टर सुकुमार और अल्लू ने फैसला किया है मई 2024 तक शूटिंग खत्म करनी है। 100 दिनों का शूट अभी रहता है और टीम लगातार 5 महीने तक काम कर रही है ताकि फिल्म की शूटिंग जल्द खत्म हो। पुष्पा 2 के बाकी एक्टर्स ने भी अपनी सारी डेट्स सुकुमार को दी हुई हैं ताकि पुष्पा 2 की रिलीज में देरी ना हो।

टीवी मसाला

## प्रियांशी और रोहित ने बताएं अपने मकर संक्रांति के प्लांस

**मुंबई।** मकर संक्रांति, जिसे अक्सर काइट फेस्टिवल भी कहा जाता है, पूरे जोश के साथ मनाया जाता है। लोग पतंग उड़ाकर वसंत के आने का जश्न मनाते हैं। इस साल इस शुभ अवसर पर टेलीविजन कलाकारों ने पतंग उड़ाने की अपनी यादें और अनुभव साझा किए। शो पंड्या स्टोर की




प्रियांशी यादव उर्फ नताशा बताती हैं, यह मकर सक्रांति त्योहार पतंग उड़ाने के लिए मशहूर है। मैं भी इसमें हिस्सा लेती थी, हालांकि मैं वास्तव में इसमें अच्छी नहीं हूं, लेकिन फिर भी मुझे ये करने में मजा आता है। इस साल, मैं इसे अपनी मां के साथ मनाने जा रही हूं, क्योंकि मैं शूटिंग करूंगी। मैं मंदिर जाऊंगी, अपनी मां के साथ पूजा करूंगी और आशीर्वाद लूंगी। मुझे पतंग उड़ाने में बहुत मजा आता है और मुझे आकाश को देखना बहुत पसंद है, क्योंकि जब भी मैं रेनबो रंग का आसमान देखती हूं तो मैं दीवानी हो जाती हूं। पंड्या स्टोर के रोहित चंदेल उर्फ धवल कहते हैं, मकर संक्रांति त्योहार के दौरान, मेरी मां तिल के लड्डू बनाती हैं और बचपन में मैं घरों में जाता था और उनका स्वागत लड्डू से करता था। मुझे पतंग उड़ाने में मजा आता है।

## अभिनय के लिए की थी पिता से बगावत, निभाएं बेहतरीन किरदार

*मुंबई। बॉलीवुड का हैंडसम हंक विनोद खन्ना के पिता कभी नहीं चाहते थे कि वह एक्टर बने लेकिन उन्होंने पिता से बगावत कर फिल्मों की ओर रुख किया और अपने किरदारों से उनका नाम रोशन किया। निगेटिव, एक्शन और रोमांटिक रोल निभाने वाले दिग्गज अभिनेता विनोद खन्ना को सुनील दत्त ने साल 1968 में आई फिल्म 'मन का मीत' से बतौर विलेन लांच किया था। इस फिल्म में विनोद खन्ना हीरो न होने के बाद भी अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए थे। अपने करियर की शुरुआत में उन्होंने कई फिल्मों में निगेटिव रोल निभाकर खूब वाहवाही लूटी।*

### पिता ने तान दी थी पिस्तौल

एक्टिंग की दुनिया में ऐसी जबरदस्त धाक जमाने वाले विनोद खन्ना के पिता बिल्कुल नहीं चाहते थे कि वह फिल्मी दुनिया में आए। उनके पिता एक बिजनेसमैन थे लेकिन जब विनोद ने बताया कि वह एक्टर बनने का सपना देख रहे हैं तो उनके पिता ने उनकी जमकर फटकार लगाई थी। इतना ही नहीं गुस्से में आकर उन्होंने विनोद खन्ना पर पिस्तौल भी तान दी थी। ये खुलासा खुद विनोद खन्ना ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में किया था।



### निभाया था डाकू का किरदार

विनोद खन्ना ने इस फिल्म के बाद धर्मेन्द्र की सुपरहिट फिल्म 'मेरा गांव मेरा देश' जो कि साल 1971 में आई थी, इस फिल्म में भयंकर डाकू का किरदार निभाया था। ये फिल्म उस दौर की बड़ी हिट साबित हुई थी। यहीं से उनके विलेन बनने का सफर शुरू हुआ और कई फिल्मों में वह बतौर विलेन ही नजर आने लगे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस जबरदस्त प्रदर्शन किया था।

### 70 के दशक में किया राज

70 का दशक आते-आते तो विनोद खन्ना की गिनती इंडस्ट्री के बड़े सुपरस्टार्स में होने लगी थी। उस दौर की तकरीबन हर फिल्म में विनोद खन्ना का होना जैसा जरूरी हो गया था। उन्होंने कई मल्टीस्टारर फिल्मों में भी काम किया। लेकिन 80 के दशक तक वह एक्शन हीरो के तौर पर पहचाने जाने लगे थे। कई फिल्मों उनके एक्शन अवतार को खूब पसंद किया गया था। अपने करियर में विनोद खन्ना ने 1968 से 2013 तक तकरीबन 150 फिल्मों में काम किया। अपने हर किरदार से उन्होंने दर्शकों का दिल भी खूब जीता। लेकिन ज्यादातर उन्हें आज भी खलनायक बनकर निभाए किरदारों के लिए याद किया जाता है।

## रकुल प्रीत ने बॉयफ्रेंड संग किए राम मंदिर प्रतिमूर्ति रथ के दर्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड के गलियारों में इन दिनों एक और जोड़ी काफ खबरों में छाई है। ये कोई और नहीं बॉलीवुड की सुपर हॉट एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और निर्माता जैकी भगनानी हैं। बी-टाउन में दोनों के प्यार के चर्चे खूब हो रहे हैं। वहीं, अब रकुल और जैकी खुलकर अपने प्यार का इजहार दुनिया के सामने करते भी दिख रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि दोनों इसी साल शादी बंधन में बंधने वाले हैं। शादी की खबरों के बीच कपल ने हाल ही में मुंबई में राम मंदिर प्रतिकृति रथ के दर्शन किए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मीडिया रिपोट्‌र्स की मानें, तो रकुल प्रीत और जैकी दोनों अगले महीने 22 फरवरी को गोवा में सात फेरे लेंगे। ऐसे में अब शादी की खबरों के बीच दोनों को एक साथ राम मंदिर प्रतिकृति रथ के दर्शन किए। जैकी भगनानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रकुल प्रीत सिंह संग अपनी एक तस्वीर और वीडियो शेयर किया है। ये तस्वीरें मुंबई के राम मंदिर प्रतिकृति रथ की यात्रा के दौरान की है। इस दौरान, कपल हाथ जोड़कर प्रार्थना करते और भगवान श्री राम से आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति पर लीनेस क्लब ने बांटा खिचड़ी और लड्डू




**सक्ती।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सीएम-1 संपदा लीनेस क्लब सक्ती की अध्यक्ष लीनेस विजया जायसवाल के नेतृत्व में दान के पर्व मकर संक्रान्ति पर शानि मंदिर में तिल, मुरा से बने लड्डु, खिचड़ी का भोग लगा भिक्षुको एवं राहगीरों को वितरण किया। इस अवसर पर एरिया आफिसर ली. डा. शालु पाहवा, सचिव ली. अनीता सिहं, ली. अनीता राठौर, ली. निधी सिहं , ली.पूनम साहु ,ली. कलेश्वरी साहू एवं अन्य लीनेस क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### ग्राम सेमरिया के क्रिकेट ग्राउंड में रौताही बाजार आज

**सेमरिया।** पामगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत सेमरिया के क्रिकेट ग्राउंड में सोमवार 15 जनवरी को रौताही बाजार का आयोजन किया जाएगा। रौताही बाजार में लोगों के मनोरंजन के लिए झूला, मिठाई दुकान, मनिहार दुकान सहित अन्य प्रकार की दुकानें लगेगी। रौताही बाजार में लोग अपनी जरुरत के हिसाब से खरीदारी कर सकते है। ग्राम के सरपंच श्रीमती दीपिका संतोष कश्यप, व्यवस्थापक अनिल सिंह चौहान, सुमान साहू, प्रकाशपाल ने रौताही बाजार में उपस्थिति की अपील की है।

### तीन दिवसीय संविधान मेला का आयोजन 26 से

**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ राछाभाठा में तीन दिवसीय संविधान मेला का आयोजन 26 जनवरी से 28 जनवरी तक होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुवनेश्वर केशरवानी एवं उपाध्यक्ष अनिल गोंड होंगे। कार्यक्रम सांयकाल 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य, कर्मा, ददरिया, पंथी नृत्य, जसगीत,राउत नाचा, आदिवासी नृत्य, एवं सउआगईत का भी आयोजन होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक ब्यास कश्यप होंगे। कार्यक्रम के आयोजक अर्जुन सरकार होंगे।

### अघोर आश्रम परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 21 को

**डभरा।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के तत्वाधान में अघोर आश्रम -घोघरी रोड डभरा में आश्रम परिसर में आगामी 21 जनवरी को निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्रबंधन की ओर से मरीजों को निःशुल्क इलाज के साथ साथ निशुल्क दवाईयां भी मिलेगी। पंजीयन प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकगण में हृदय रोग विशेषज्ञ -डॉ. प्रकाश कुमार मिश्रा,डॉ. अजय कुमार गुप्ता,डॉ. मनीष बेरीवाल,डॉ.यू.सी. शर्मा,डॉ.जी.एन. तिवारी, डॉ.पी. के. गुप्ता,डॉ. जितेन्द्र कुमार नायक, स्त्री रोग विशेषज्ञ -डॉ. सुचित्रा त्रिपाठी,डॉ. मधु दुबे,डॉ. मालती राजवंशी, डॉ.डी.राय. चौधरी,डॉ. मेनका पटेल,डॉ. भारती सोय ,डॉ. विभा हरिप्रिया,डॉ. भारती पटेल, डॉ.आकांक्षा चौहान,शिशु रोग विशेषज्ञ -डॉ.के.एन. पटेल,डॉ. संजीव गोयल, डॉ. विनोद नायक, डॉ.डी.पी. पटेल एलर्जी, दमा टी.बी. रोग विशेषज्ञ -डॉ. गणेश पटेल,डॉ. मनदीप सिंह टुटेजा, अस्थि रोग विशेषज्ञ - डॉ. अहर्निश अग्रवाल, डॉ. प्रफुल्ल चौहान,डॉ. वरुण गोयल ,न्यूरोसर्जन-डॉ. नितीश नायक,यूरो सर्जन -डॉ. अजित पटेल, शिशु रोग सर्जन -डॉ. आशुतोष शर्मा, जनरल सर्जन-डॉ. अनील हरिप्रिया,डॉ. राजू पटेल, डॉ. कमलेश नायक, नेत्र रोग विशेषज्ञ -डॉ. आर. के. अग्रवाल, डॉ. प्रभात पटेल,डॉ. कांति डेम्ब्रा,कान-नाक-गला रोग विशेषज्ञ - डॉ. जया साहू, डॉ. दिनेश पटेल, डॉ. नीलम नायक,डॉ. अनुप अग्रवाल,चर्म रोग विशेषज्ञ -डॉ. पीयुष अग्रवाल,डॉ. राकेश पटेल,दंत रोग विशेषज्ञ -डॉ. आर. के. आनन्द,डॉ. राहुल अग्रवाल, डॉ. जयश्री पटेल, जनरल फिजिशियन-डॉ. एम. राय चौधरी, डॉ. एस. के. गुप्ता, डॉ. अभिषेक अग्रवाल,डॉ. हेमन्त साहू,डॉ. मनोज डनसेना, फिजियोथेरेपिष्ट - डॉ. गौतम शर्मा, पैथोलॉजिस्टडॉ. रीना नायक अपनी सेवाएं देंगे। मरीजों के इलाज व दवा लिखने के पूर्व पैथोलैब में आवश्यक जांच भी की जाएगी। यहां ई.सी.जी., एक्स-रे, यूरिक एसिड टेस्ट, बोन डेन्सीटी टेस्ट, न्यूरोपैथी टेस्ट जांच की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी।

### उर्वरा शक्ति खत्म होने के साथ ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ रहा खतरा

# खेतों में पैरा को आग के हवाले कर रहे किसान, कार्रवाई का डर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसमंदा

खेतों में धान कटाई मशीनों से करने के बाद पैरा और ठूंठ खेतों में ही छोड़ दिया गया है, अब किसान इसे खेतों में ही जला रहे हैं। इससे ना केवल जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो रही बल्कि ग्लोबल वार्मिंग का लगातार खतरा बढ़ रहा है। वहीं खेतों में पैरा जलाने पर 15 हजार रुपए जुर्माना का प्रावधान भी है, लेकिन इसके बाद भी खेतों किसान पैरा को जला रहे है।

कृषि विभाग के अनुसार धान कटाई के बाद खेतों में सस्ते दर पर उपलब्ध ट्राइकोड्रामा डालकर जोताई कर सकते हैं, जो खेत में खाद का काम करता है। इसके अलावा नाडेप टांका और वर्मी टैंक बनाकर खेतों में ही केंचुआ खाद बनाई जा सकती है, लेकिन, इस दिशा में कही भी काम नहीं किया जा रहा है। धान कटाई के बाद किसान खेत में बचे पैरा को आग लगा कर जला रहे हैं। इससे न केवल आगजनी की आशंका बढ़ गई बल्कि वायु प्रदूषण से सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। घास-फूस सहित सभी वस्तुएं जलकर खाक होने के कारण मवेशियों को चारा की दिक्कत हो रही है। क्षेत्रवासियों ने आग लगाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग प्रशासन से की है। मजदूरों की कमी व आधुनिकीकरण के चलते किसान अब मजदूरों की जगह खेती किसानी में यंत्रों का प्रयोग कर रहे हैं। क्षेत्र के किसान भी इससे अछूते नहीं रह गए हैं। किसान अब धान मजदूरों से कटाई, मिंजाई कराने के बजाए थ्रेसर, हार्वेस्टर का प्रयोग कर रहे हैं। इससे न केवल बिना मजदूरों के काम हो रहा है बल्कि समय की भी बहुत ज्यादा बचत हो रही है। एक समय था जब किसानों धान की कटाई मिंजाई कराने में महीनों लग जाते थे पर अब बहुत कम समय में धान का पूरा कामकाज हो जाता है। हार्वेस्टर से कटाई कराने के बाद धान का पैरा खेतों में छूट जाता है। ज्यादातर किसान खेतों में पड़े पैरा को इकट्ठा नहीं करते बल्कि उन्हें आग के हवाले कर दे रहे हैं। इससे न केवल वातावरण प्रदूषित हो रहा है अपितु पैरा के साथ घास-फूस भी जलने से मवेशियों को चारे की दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने इन खेतों में पड़े पैरा को आग लगाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। कृषि विभाग की माने तो कुछ पैसे बचाने और जल्दी के चक्कर में रहे तो आने वाले दशक भर में खेत बंजर हो जाएगा। इसके कारण खेतों में उर्वरा शक्ति खत्म होने के साथ मिट्टी के जीवाणु मरने के साथ इससे ग्लोबल वार्मिंग का लगातार खतरा बढ़ रहा है। कृषि विभाग के अनुसार धान कटाई के बाद खेतों में सस्ते दर पर उपलब्ध ट्राइकोड्रामा डालकर जोताई कर सकते हैं, जो खेत में खाद का काम करता है। इसके अलावा नाडेप टांका और वर्मी टैंक बनाकर खेतों में ही केंचुआ खाद बनाई जा सकती है, लेकिन, इस दिशा में कही भी काम नहीं किया जा रहा है। खेतों में आग लगाकर किसानों को लगता है कि खरपतवार को नष्ट किया जा रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि इससे किसानों को उल्टा नुकसान हो रहा है। वहीं पशुओं के लिए चारा की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है। खेतों में पैरा जलाने पर 15 हजार रुपए जुर्माने का भी प्रावाधान है।


फसल कटने के बाद पैरा को जलाते किसान।

**फेफड़े की बीमारी की आशंका**-खेत में आग लगाने से ग्रीन हाउस गैस मिथेन, कार्बन मोनो ऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड, नाइट्रोजन के अन्य ऑक्साइड का उत्सर्जन होता है। खेत में आग लगाने से फेफड़े की बीमारी की आशंका के साथ ही कैंसर कारक तत्व उत्पन्न होते हैं।

#### मिट्टी की संरचना में 17 पोषक तत्व

मिट्टी की संरचना में नाइट्रोजन, फास्फोरस, सल्फर, जिंक, पोटाश, मैग्नीज, कोबाल्ट, कापर, कैल्शियम, बोरान, मैग्निशियम, आयरन और सिलिकॉन जैसे सत्रह पोषक तत्व पाए जाते हैं, मगर खेतों में अवशेषों को जलाने से मिट्टी में मौजूद ये पोषक तत्व घटने लगे हैं और फसल उत्पादन कम हो रहा है।


शिविर में शपथ दिलाते सांसद एवं अन्य अतिथिगण।

## हर पात्र व्यक्ति को मिले शासकीय योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ कुलीपोटा में विकसित भारत शिविर व वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

विधानसभा क्षेत्र जांजगीर -चांपा के ग्राम कुलीपोटा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन व हाई मिडिल और प्राइमरी स्कूल का वार्षिकोत्सव संयुक्त रूप से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद गुहाराम अजगले थे।

सांसद श्री अजगल्ले ने मोदी सरकार की गारंटी, लाभार्थियों तक योजनाओ की शत प्रतिशत पहुंच के सम्बन्ध में जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पौधे दिए गए। बच्चों को पोषण आहार की टोकरी और उज्जवला योजना अंतर्गत हितग्राहियों को गैस सिलेंडर के साथ गैस चूल्हा वितरण किया गया। इस दौरान तीनों स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। क्विज का भी आयोजन हुआ, जिसमें मिडिल स्कूल के छात्रा श्रुति लहरे प्रथम, सुहाना लहरे द्वितीय और तृतीय स्थान भूपेंद्र साहू को मिला। उन्हें मंच से सांसद ने टीशर्ट, टोपी और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया। इस मौके पर जनपद सीईओ बलौदा सी के आदिले, चंद्रकांत रात्रे प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा, अनुसूचित जाति मोर्चा, नम्रता नामदेव जनपद उपाध्यक्ष, सरपंच विमला ओमप्रकाश कुर्रे, ज्योति यादव जनपद सदस्य, उप सरपंच सीतेश साहू, भोला दास महंत एवं सचिव ग्राम पंचायत, कुलीपोटा टिकेश लहरे, शिवनारायण रात्रे, रामकुमार खूंटे, रामलाल लहरे, दयाराम मिरी, प्राचार्य गुलाब साहू, प्रधान पाठक प्रमिला पाटले,पूजा राठौर, हाई स्कूल मिडिल व प्रायमरी स्कूल के शिक्षक तथा ग्रामीण व छात्र-छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दिलीप साहू और डॉ. प्रतीक्षा शुक्ला ने तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य गुलाब साहू ने किया।

## विवेकानंद जयंती पर बौद्धिक परिचर्चा एवं रैली का आयोजन




**पामगढ़।** विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ की एन एस एस इकाई द्वारा 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विद्यालय में बौद्धिक परिचर्चा एवं भव्य रैली का आयोजन किया गया रैली में 100 स्वयंसेवक तथा विद्यालय परिवार के 500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया बौद्धिक परिचर्चा एवं रैली का उद्देश्य समाज के युवाओं को उनके कर्तव्यों को याद दिलाना तथा समाज को स्वच्छ एवं सुदृढ़ बनाने का निरंतर प्रयास करने के लिए था । विद्यालय परिवार से संचालक एन के पांडेय प्राचार्य ए के मिरे, उप प्राचार्य ए के यादव, प्रशासनिक प्रभारी अखिल शुक्ला, कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र खुंटे, सह कार्यक्रम अधिकारी सुरेश साहू, पूजा साहू, एवं समस्त विद्यालय परिवार सम्मिलित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत देवरी के शाउमावि के प्रांगण में शिविर लगाकर आयोजन किया गया।

■ देवरी में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ियों से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की बारे में जानकारी दी। विभागीय योजना स्टॉल का अवलोकन कर हितग्राहियों को योजना का लाभ देने के निर्देश भी दिए। शिविर में आए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस योजना, आयुष्मान कार्ड बनाए गए, स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, प्रधानमंत्री आवास हेतु आवेदन लिया गया, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन खाता, किसान सम्मान निधि, मुक्त खाद्यान्न योजना, अयोध्या दर्शन एवं 22 तारीख को सभी मंदिरों एवं घर घर में राम ज्योति दीपक जलाकर, राम भगवान की झांकी, सुंदरकांड, रामायण,भजन कीर्तन अन्य धार्मिक कार्यक्रम काआयोजन कर सभी गांव शहर को अयोध्या बनाना एवं अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। लाभार्थियों का सम्मान व विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच श्रीमती लीला दिनेश राठौर, बीडीसी मनहरण करियारे, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश राठौर, जोहन यादव, रामसिंग राठौर, रामशंकर राठौर, कुमार राठौर, सीईओ कुबेर सिंह उरेती, तहसीलदार आरके मरावी, पशु चिकित्सालय अधिकारी कंवर, कृषि विस्तार अधिकारी, पंच रामलाल रोहिदास, सरोज सागर, बरम लाल साहू , दिनेश कुमार भैना, महावीर सागर सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

## एसडीएम ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण बीएलओ को घर-घर जाकर नाम जोड़ने दिए निर्देश

**पामगढ़।** एसडीएम पामगढ़ राजकुमार तम्बोली द्वारा आगामी लोकसभा के तैयारी के मद्देनजर एवं प्रशासनिक कसावट लाने लगातार क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है। उन्होंने विधानसभा पामगढ़ अंतर्गत ग्राम पामगढ़ के 05 मतदान केंद्र, रसौटा के 03 मतदान केंद्र, पकरिया के 02, चंडीपारा 03 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही उपस्थित बी एल ओ को घर -घर जाकर नाम जोड़ने निर्देशित किया गया। निरीक्षण किये गए कुल 13 मतदान केंद्रों में फॉर्म06 के 28 फॉर्म , फॉर्म 07 के 6 फॉर्म व फॉर्म08 के 14 फॉर्म उपलब्ध मिला। उनके द्वारा धान खरीदी केंद्र मेऊ, मेहन्दी, पामगढ़, रहौद, लोहरसी, पकरिया, रसौटा,कोडाभाट का निरीक्षण किया गया।धान खरीदी केंद्र रसौटा में धान परिवहन हेतु मिलर्स को निर्देशित किया गया। आज तक रकबा समर्पण क्रमशः 30 एवं 56 है। धान खरीदी केंद्र लोहरसी में 19 गाड़ी धान का परिवहन हुआ है तथा 05 गाड़ी लगी है। रकबा समर्पण 60 कृषकों का हुआ है।धान खरीदी केंद्र रहौद में 04 गाड़ी धान का परिवहन हुआ है] आज 01 गाड़ी लगी हैख्रकबा समर्पण 38 कृषकों का हुआ है। मेहन्दी में कुल 10 गाड़ी परिवहन हुआ है तथा 04 गाड़ी लगा है एवम 54 कृषकों का रकबा समर्पण हुआ है। सभी राइस मिलर्स को अतिशीघ्र धान का उठाव कर परिवहन करने निर्देशित किया गया।



## तृतीय कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ नई दिल्ली से संबंध छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जांजगीर में कैलेंडर विमोचन छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं स्थानीय विधायक व्यास कश्यप के अध्यक्षता में हुआ।

प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने देश में चल रहे आठवें वेतनमान के लिए तैयारी को लेकर एवं प्रदेश में संगठन को आगे बढ़ाने की चर्चा को लेकर विस्तृत जानकारी दिए। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक व्यास नारायण कश्यप ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मुक्तेश्वर देवांगन रायपुर, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अर्जुन सिंह क्षत्री, आंगनवाड़ी सहायिका संघ के प्रांत अध्यक्ष श्रीमती सरिता कश्यप, अध्यक्ष राजपत्रित कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर व्ही.के. पैगवार, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार, यू.एस. राठिया, फिरत किरण, सुरेश सिंह क्षत्री, पवन सिंह चंदेल, संतोष सिंह, तुलाराम कश्यप, संतोष श्रीवास, हीरालाल कर्ष के साथ कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।


कैलेण्डर का विमोचन करते अतिथि।

## विद्यार्थियों ने किया विशाखापट्नम का शैक्षणिक भ्रमण

**जांजगीर-चांपा।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के कक्षा 6वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों का एजुकेशनल ट्रिप का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए 7 जनवरी को संस्था की प्राचार्य श्रीमती सोनाली सिंह, शिक्षक व शिक्षिकाएं विद्यार्थियों 30 लोगों की टीम लिंक एक्सप्रेस से विशाखापट्टनम की ओर रवाना हुए। नैला रेल्वे स्टेशन पर विद्यार्थियों के अभिभावक व संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल बच्चों की सुखद यात्रा की मंगल कामना की। छात्र व छात्राएं 8 जनवरी को विशाखापट्टनम पहुंचे। सुबह के समय कैलाशगिरि के दर्शन के लिए गए जहां बच्चों ने शिव-पार्वती की 40 फिट उंची प्रतिमा का दर्शन किया। कैलाश गिरि से बंगाल की खाड़ी का विहंगम दृश्य देखा और वहां के कला एवं संस्कृति तथा संग्राहलय का अवलोकन किया। कैलाशगिरि में आंध्रा के जनजाती द्वारा निर्मित शिल्प कला, जूट निर्मित कलाकृति के बारे मे जानकारी प्राप्त की तथा पार्क में स्थानीय फल एवं फूल का आनंद लिया। तत्पश्चात वैंकटेश्वर मंदिर गए जहां भगवान के दर्शन किए एवं मंदिर के अद्भुत नक्काशी एवं शिल्प कला का अवलोकन किया। सी-हैरियर, एयरक्राफ्ट व सबमरीन म्यूजियम का शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमें विद्यार्थियों ने विक्रांत फाईटर एअरक्राफ्ट एवं मिसाईल बम, सुपर सोनिक लड़ाकू विमानों को देखा एवं जानकारी प्राप्त की, मूवी द्वारा वायु सेना के सभी क्रिया कलापों एवं युद्ध के दौरान उपयोग किये जाने वाले उपकरणों को देखे एवं रोमंचित हुए।


शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना होते विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

मेरी युवा बहनों संगठन सोनार समाज बलौदा द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ 12 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुई।

■ पहले दिन ब्यास आचार्य पंडित दुबे ने सुनाई भागवत षटाध्यायी

मेरी युवा बहनों संगठन द्वारा नवल भवन नैया तालाब के पास आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ भव्य शोभा कलश यात्रा एवं जल पूजा के साथ हुआ। भागवत आयोजन में भागवताचार्य विनोद कुमार दुबे सिलादेही वाले आसीन है। आयोजन में यजमान श्रीमती राधा सोनी-राम मनोहर सोनी, श्रीमती कांति सोनी-मनहरण लाल सोनी, श्रीमती कविता-कमल सोनी, श्रीमती ज्योति रानी-रमेश कुमार सोनी, श्रीमती लुभावनी सोनी-राकेश सोनी, श्रीमती हेमा सोनी-पुरुषोत्तम कुमार सोनी है। मेरी युवा बहनों संगठन के सदस्य सहित समस्त ग्राम लोगों के सहयोग से शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई। शोभा यात्रा नया तालाब पहुंची। यहां जल पूजन का कार्य संपन्न हुआ। प्रथम दिवस व्यासपीठ भागवताचार्य के द्वारा भागवत षटाध्यायी के विभिन्न चरणों, कब, कैसे और क्यों आयोजन के सहित व्यासपीठ आचार्य के गुण, यजमान के लक्षण सहित गोकरण की कथा भागवत महिमा गाकर श्रवण कराया गया। पंडित श्री दुबे ने 14 जनवरी को परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। 15 जनवरी को ध्रुव चरित्र एवं जड़भरत प्रसंग की कथा सुनाएंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती चंचल सोनी ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने अपील की है।


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।





